सांवरिया अपने भक्तो को तुम भी क्या यूँ रुलाओगे लिरिक्स

सांवरिया अपने भक्तो को,
तुम भी क्या यूँ रुलाओगे,
चलते चलते हार गया मैं,
क्या तुम मुझे जिताओगे,
सांवरिया अपने भक्तों को,
तुम भी क्या यूँ रुलाओगे।bd।

तर्ज – कस्मे वादे प्यार वफ़ा।

दर दर जाकर हार गया था,
मिलता कुछ ना सहारा था,
हारे का तू साथ निभाता,
कहता सारा ज़माना था,
ये ही पूछने आया तुमसे,
तुम क्या साथ निभाओगे,
सांवरिया अपने भक्तों को,
तुम भी क्या यूँ रुलाओगे।bd।

ग़म के अँधेरे दु:ख के बादल,
चारों और मंडराते हैं,
कितनी भी मैं कर लूँ कोशिश,
वो तो छूट नहीं पाते है,
तू ही बता दे अब तो मोहन,
क्या मुझको अपनाओगे,
सांवरिया अपने भक्तों को,
तुम भी क्या यूँ रुलाओगे।bd।

पीड़ा इतनी क्या तुझको बताऊ,
जिन्दा हूँ ये गनीमत है,
देख के हालत तू ही समझ ले,
कहने की क्या ज़रूरत है,
देना नहीं तो साथ ओ बाबा,
ज़िंदा भी क्या लौटाओगे,
सांवरिया अपने भक्तों को,
तुम भी क्या यूँ रुलाओगे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

आ ही गया अब दर पे तेरे,
तुम ही साथ निभाओगे,
औरों की भी नैया चले है,
मेरी भी तुम ही चलाओगे,
'भानु' बोले साथ निभा दो,
क्या ज्यादा तरसाओगे,
सांवरिया अपने भक्तों को,
तुम भी क्या यूँ रुलाओगे।bd।

सांवरिया अपने भक्तो को,
तुम भी क्या यूँ रुलाओगे,
चलते चलते हार गया मैं,
क्या तुम मुझे जिताओगे,
सांवरिया अपने भक्तों को,
तुम भी क्या यूँ रुलाओगे।bd।

Singer – Shweta Agrawal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com